19.11.2024 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम

प्रादेशिक समाचार

- गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि बदलते समय में पुलिस बल की कार्यप्रणाली और स्वरूप में भी बदलाव जरूरी।
- केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने कहा – केन्द्र सरकार व्यापक पैमाने पर कौशल महोत्सव आयोजित करेगी।
- प्रदेश के कई शहरों में वायु गुणवत्ता पर व्यापक असर–भिवाड़ी का एक्यूआई 300 से ऊपर पहुंचा।
- टोंक जिले के समरावता में हुई घटना की जांच संभागीय आयुक्त करेंगे।

0000

गृहमंत्री अमित शाह ने आज गुजरात के गांधी नगर में 50वें अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान सम्मेलन का उद्‌घाटन किया। इस कार्यक्रम का आयोजन पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो– बीपीआरडी तथा राष्ट्रीय रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है। उद्‌घाटन समारोह में गृहमंत्री ने कहा कि भारत में पिछले पचास वर्षों में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं और इनसे विश्व भी अछूता नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि बदलते समय में पुलिस बल की कार्यप्रणाली और स्वरूप में भी बदलाव जरूरी हो गया है। श्री शाह ने कहा कि पिछले दशक में देश ने संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों की हिंसा में कमी लाने में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा कि जम्मू–कश्मीर, पूर्वोत्तर तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों सहित उग्रवाद से प्रभावित इलाकों में हिंसा में 70 प्रतिशत गिरावट आई है।

000

केन्द्रीय कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री जयंत चौधरी ने कहा है कि उनका मंत्रालय व्यापक पैमाने पर कौशल महोत्सव आयोजित करेगा। वे आज भरतपुर में मंत्रालय की ओर से आयोजित कौशल महोत्सव में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कौशल मेले में 50 से अधिक कम्पनियों ने भाग लिया जिनके द्वारा ढाई हजार युवाओं को ऑफर लैटर दिये गये हैं। श्री चौधरी ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार मुहैया कराने का कार्य किया जा रहा है।

...................

इस अवसर पर कौशल नियोजन और उद्यमिता विभाग के राज्य मंत्री के.के. बिश्नोई, विश्वकर्मा कौशल बोर्ड के अध्यक्ष गोपाल सुथार और विधायक डॉ. सुभाष गर्ग मौजूद रहे।

000

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार टिकाऊ और लाभदायक कृषि तथा सभी के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने वाली पहलों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नई दिल्ली में वैश्विक मृदा सम्मेलन 2024 को वर्चुअली संबोधित करते हुए श्री चौहान ने कहा कि मृदा स्वास्थ्य अब वैश्विक चिंता का विषय बन गया है। उन्होंने कहा कि लगभग 30 प्रतिशत कृषि योग्य मिट्टी खराब हो चुकी है और रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग से मिट्टी को नुकसान पहुंचा है। श्री चौहान ने कहा कि सरकार देश में जैविक खेती को बढ़ावा देने पर काम कर रही है। उन्होंने शिक्षा, प्रोत्साहन और आधुनिक तकनीक के माध्यम से किसानों को सशक्त बनाने का आह्वान किया।

000

केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने हमारा शौचालय हमारा सम्मान नाम से तीन सप्ताह का अभियान शुरू किया है। ये अभियान विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य स्वच्छता के बुनियादी ढांचे में सुधार, व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देना और देश भर में शौचालयों की कार्यक्षमता और रखरखाव को बढ़ाकर सामुदायिक गौरव को मजबूत करना है। अभियान के दौरान प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी और नागरिकों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपनी स्वच्छता सफलता की कहानियां साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इसका समापन 10 दिसम्बर को अन्तरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर होगा।

000

पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर आज प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें याद किया गया। जैसलमेर और बाडमेर में जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसमें पार्टी के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सवाईमाधोपुर, भीलवाड़ा और बाड़मेर में कांग्रेस कार्यालय में पुष्पांजलि कार्यक्रम हुआ। पाली में इस मौके पर इन्दिरा गांधी के जीवन और कृतित्व पर गोष्ठी हुई।

000

.........................

प्रदेश में तापमान में गिरावट के साथ वायु गुणवत्ता पर व्यापक असर देखने को मिला है। बीते दो तीन दिन में कई शहरों में वायु की गुणवत्ता खराब से बहुत खराब मापी गयी है। देश के शहरों में पिछले 24 घंटे में वायु गुणवत्ता की स्थिति पर आज जारी रिपोर्ट में राज्य के कई शहरों में वायु की गुणवत्ता खराब पायी गयी। यह रिपोर्ट केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ओर से जारी की गयी । दिल्ली से लगे भिवाड़ी की स्थिति सबसे खराब है, जहां एयर क्वालिटी इंडेक्स यानि एक्यूआई 300 से उपर मापा जा रहा है। वहीं अलवर में 225 से अधिक दर्ज किया गया। इसके अलावा, बारां, भरतपुर, धौलपुर, झुंझुनू, करौली, और सीकर में भी हवा की स्थिति खराब मापी गयी है। राजधानी जयपुर के विभिन्न स्थानों पर भी हवा की गुणवत्ता बहुत खराब रही। शहर के विभिन्न् स्थानों पर एक्यूआई 200 से उपर मापा गया। बीकानेर में भी हवा की गुणवत्ता पर असर पड़ा है।

उधर झुन्झुनू में एयर क्वालिटी इंडेक्स 228 दर्ज किया गया। बढ़े प्रदूषण के कारण बुजुर्ग और अस्थमा रोगियों को सांस लेने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को जिले के अस्पतालों में अस्थमा रोगियों के लिये विशेष प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन ने एडवाइजरी जारी करते हुए लोगों से घरों से बाहर निकलते समय मास्क का उपयोग करने की अपील की है।

000

प्रदेश में सुबह–शाम हल्की सर्दी का दौर बना हुआ है। पहले के मुकाबले अधिकतम तापमान में गिरावट हुई है, लेकिन सूरज की तपिश के कारण दिन में अभी ठण्ड महसूस नहीं हो रही है। आज ज्यादातर स्थानों पर रात का तापमान 15 डिग्री या इससे नीचे दर्ज हुआ है। मौसम केन्द्र जयपुर द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार आज भी सीकर जिले का फतेहपुर सबसे ठण्डा रहा। केन्द्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि फिलहाल प्रदेश में तापमान में अभी और गिरावट की संभावना नहीं है।

......................

000

देवली–उनियारा विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के लिये हुए मतदान के दिन समरावता गांव में हुई घटना के बाद गांव के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज जयपुर में मंत्रियों के समूह से बातचीत की। इस मंत्रिमंडलीय समूह में मंत्री किरोड़ी लाल मीणा और राज्य मंत्री कन्हैया लाल चौधरी और गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम शामिल थे। इसके बाद

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए श्री मीणा ने बताया कि पिछली सरकार ने जल्दबाजी में कई जिले और तहसील बनाई, जिसके कारण यह स्थिति बनी है। उन्होंने बताया कि समरावता समेत पांच पंचायतों के 28 गांवों को देवली उपखंड से उनियारा उपखंड में शामिल करने पर सैद्धांतिक सहमति बन गयी है। श्री मीणा ने कहा कि पूरे मामले की जांच सीमित समय में संभागीय आयुक्त से कराये जाने संबंधित अन्य निर्णय भी किये गये। उन्होंने कहा कि गांव में हुए नुकसान की भरपाई की जायेगी और निर्दोष लोगों को छोड़ा जायेगा।

.....................

मंत्रियों से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने वार्ता पर संतोष जताया और कहा कि उनकी सभी मांगे पूरी हो गयी हैं।

000

जालौर के किसान जवाई बांध से जवाई नदी में पानी छोड़ने की मांग कर रहे हैं। इस मांग को लेकर आज किसानों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। किसानों के प्रदर्शन के मद्दे नजर ज़िला प्रशासन स्थिति पर नज़र रखे हुए है।

000

स्कूल शिक्षा और भाषा विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने पीएमश्री विद्यालयों में विभिन्न गतिविधियों को चलाने के लिए प्रभावी कार्य योजना बनाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने पीएमश्री विद्यालयों की समीक्षा बैठक में कहा कि पीएमश्री स्कूलों में की जा रही गतिविधियों का नियमित रिव्यू किया जाए। उन्होंने 26 नवम्बर को संविधान दिवस के मौके पर पीएमश्री स्कूलों में विशेष कार्यक्रम आयोजित करने के भी निर्देश दिये।

000

भरतपुर में कल से संभाग स्तरीय अमृता हाट लगाई जायेगी। महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक राजेश कुमार ने बताया कि 26 नवम्बर तक चलने वाले अमृता हाट में महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाये गये उत्पादों का प्रदर्शन और बिक्री की जायेगी। अमृता हाट में राज्य के सभी 50 जिलों से महिला स्वयं सहायता समूहों के स्टॉल लगाये जायेंगे।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी रविवार को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 116वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 22 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा 1922 नम्बर पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक से भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम के जरिये भी ऑनलाइन सुझाव दिये जा सकते हैं।

000